# भाई की कलाई पर सजी बहनों की राखी, हर्षोल्लास से मना रक्षाबंधन

- सुबह और शाम दोनों समय रहा राखी बांधने का मुहूर्त,
- छुट्टी नहीं मिलने पर बहनों ने एक दिन में किया सफर

नवभारत न्यूज

**इंदौर. भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को शहर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया. सुबह से ही घरों में त्योहार की रौनक दिखाई दी. शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों की आरती उतारकर तिलक किया और कलाई पर राखी बांधकर मिठाई खिलाई. भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया.**

इस बार राखी बांधने के लिए सुबह और शाम दोनों समय मुहूर्त रहा. इससे उन बहनों को सुविधा मिली, जो किसी कारण सुबह इंदौर नहीं पहुंच सकीं। उन्होंने शाम के मुहूर्त में भाइयों को राखी बांधी. नौकरी या अन्य जिम्मेदारियों के चलते छुट्टी नहीं मिलने वाली कई बहनों ने एक दिन में ही आने-जाने की योजना बनाई. सुबह यात्रा कर इंदौर पहुंचीं, भाई को राखी बांधी और वापस अपने शहर या कार्यस्थल के लिए रवाना हो गईं.

**रेलवे स्टेशन बस स्टेण्ड पर रही भीड़**-त्योहार के चलते बसों और ट्रेनों में भी यात्रियों की आवाजाही बढ़ी रही. रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर दिनभर भीड़ रही. आसपास के शहरों और दूर-दराज क्षेत्रों से बहनें भाइयों के घर पहुंचीं. कुल मिलाकर रक्षाबंधन पर शहर में घरों से लेकर बाजार और परिवहन केंद्रों तक उत्सव का माहौल बना रहा.



## बाजारों में रही चहल पहल

रक्षाबंधन को लेकर शहर के बाजारों में भी अच्छी चहल-पहल रही। राखियों के साथ मिठाई, कपड़े और उपहारों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ दिखाई दी . रंग-बिरंगी और आकर्षक डिजाइन वाली राखियों ने बच्चों और युवाओं को खासा आकर्षित किया .

## नि :शुल्क सफर का लिया लाभ



रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में महिलओं हेतु नि :शुल्क सफर सुविधा का लाभ एआई सीटीएसएल द्वारा संचालित इंट्रासिटी बसों में 50 हजार एवं इंटरसिटी चार्टर्ड बसों में 6000 से अधिक महिलाओं ने लिया . उन्होंने तंज करते हुए कहा मोदी सरकार चली गयी . कुछ दिनों के लिए बीजेपी सरकार थी कल से कल से एनडीए सरकार है . क्या आपने 19 अप्रैल के बाद से हुए नाटकीय बदलाव पर ध्यान दिया है . पहले चरण के मतदान के बाद 19 अप्रैल से घोषणापत्र को एक नया कद मिल गया है . धन्यवाद, प्रधान मंत्री .उन्होंने आगे कहा जिन राज्यों में 26 अप्रैल को मतदान हुआ, वहां से खबरें कांग्रेस के लिए बेहद उत्साहजनक हैं . केरल में यूडीएफ के 2019 का शानदार प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद है . कर्नाटक की 14 सीटों पर कल मतदान हुआ और कांग्रेस 2019 के अपने स्कोर में काफी सुधार करेगी . राजस्थान में कांग्रेस कई सीटें जीतेगी . सभी 25 सीटें भाजपा के पास हैं और अच्छे स्कोर के साथ कांग्रेस वहां वापसी करेंगी .

# महापौर ने अपनी कलाई पर सफाई मित्र बहनों से बंधवाई राखी , किया सम्मान

### महापौर बोले... शहर में स्वच्छता की असली ताकत आप हो

नव भारत न्यूज

**इंदौर. रक्षाबंधन पर्व पर महापौर को सफाई मित्र बहनों राखी बांधी. महापौर ने अपने निवास पर सफाई मित्र बहनों का सम्मान किया. इस मौके पर महापौर ने बहनों से कहा कि आप शहर की सफाई व्यवस्था की असली ताकत है.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सफाई मित्र बहनों से आज सुबह सुदामा नगर स्थित निवास पर राखी बंधवाकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया. महापौर सफाई मित्र बहनों का आत्मीय स्वागत और सम्मान कर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि सफाई मित्र बहनें रोज अपने परिश्रम और समर्पण से इंदौर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं. मेरे लिए बहनों का सम्मान करना और रक्षाबंधन का पर्व मनाना गर्व का विषय है. उन्होंने बहनों से कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि स्नेह, सम्मान और जिम्मेदारी से रिश्ते को मजबूत करने का त्यौहार भी है. सफाई मित्र बहनें जिस समर्पण के साथ शहर की सेवा कर रही हैं, वह सभी आमजन के लिए प्रेरणादायी है. इंदौर स्वच्छता की पहचान के पीछे सफाई मित्रों की मेहनत सबसे बड़ी ताकत है. शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा. महापौर ने सभी बहनों के साथ रक्षाबंधन की खुशियां साझा कर उनका सम्मान एवं आभार व्यक्त किया.



# कलेक्टर ने बाल संरक्षण आश्रम में मनाया रक्षाबंधन

### बच्चियों से बंधवाई राखी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शुक्रवार को कलेक्टर ने शहर के राजकीय बाल संरक्षण आश्रम में रक्षाबंधन पर्व मनाया. इस दौरान उन्होंने आश्रम की बच्चियों से राखी बंधवाई और मिठाई एवं उपहार भेंट किए.**

आज कलेक्टर शिवम ने शहर में छावनी स्थित राजकीय बाल संरक्षण आश्रम की बच्चियों के साथ आत्मीयता से रक्षाबंधन पर्व मनाया. उन्होंने बच्चियों के साथ बैठकर राखी बंधवाई और उनके साथ खुशियां साझा कीं. कलेक्टर को राखी बांधने की दौरान बच्चियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह की झलक साफ नजर आई. कलेक्टर वर्मा ने बच्चियों को स्नेह और अपनत्व देते हुए रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं एवं उपहार भी भेंट किए.



## एक नजर में

### टैलेंट आइडेंटिफिकेशन परीक्षा एंथे में मिलेगी सौ प्रतिशत स्कॉलरशिप



इंदौर . आकाश इंस्टीट्यूट ने एंथे 2026 की घोषणा कर दी है और इसके रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं . टैलेंट आइडेंटिफिकेशन परीक्षा एंथे का उद्देश्य छात्रों को अपनी क्षमता पहचानने, तैयारी का आकलन करने और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए सही दिशा समझने में मदद करना है . सीनियर असिस्टेंट डायरेक्टर प्रवीण गोयल ने और सेंटर हेड दिवाकर जैन ने बताया कि एंथे सिर्फ स्कॉलरशिप तय करने वाली परीक्षा नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य छात्रों को अपनी अकादमिक क्षमता को समझने और अपनी तैयारी का आकलन करने में मदद करना है . एंथे 2026 के तहत योग्य छात्रों को सौ प्रतिशत तक स्कॉलरशिप और टॉप परफॉर्मर्स के लिए 2 .5 करोड़ के कैश प्राइज दिए जाएंगे . परीक्षा कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में आयोजित होगी . ऑनलाइन परीक्षा 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक, जबकि ऑफलाइन परीक्षा 11 अक्टूबर, 25 अक्टूबर और 1 नवंबर को होगी . रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं .

### रेंज रोवर स्पोर्ट ट्वेंटी एडिशन लांच

इंदौर . रेंज रोवर स्पोर्ट ट्वेंटी एडिशन आज भारत में लॉन्च हो गया है- एक सीमित संस्करण, जो अंदाज़ भरी स्पोर्टिंग लग्जरी के दो दशक का जश्न मनाता है . ट्वेंटी एडिशन में खास 'ट्वेंटी' डिटेलिंग, फ्लैगशिप पावरट्रेन और रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी से ली गई परफॉर्मेंस सीटें दी गई हैं, जो डिज़ाइन विरासत और परफॉर्मेंस विरासत का सुविचारित उत्सव है . राजन अंबा, मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएलआर इंडिया, ने कहा दो दशकों से, रेंज रोवर स्पोर्ट ने डायनामिक परफॉर्मेंस, खास पहचान और बेजोड़ क्षमता का संगम करते हुए स्पोर्टिंग लग्जरी का मानदंड तय किया है . यह लिमिटेड एडिशन उसी विरासत का सटीक उत्सव है, जो इस मॉडल की शुरुआत से चली आ रही दमदार पहचान को दर्शाता है . रेंज रोवर स्पोर्ट ने भारत में अपने ग्राहकों के साथ एक मज़बूत और लंबा रिश्ता बनाया है, और हमें इसकी 20वीं वर्षगांठ पर यह खास एडिशन बाज़ार में लाकर गर्व महसूस हो रहा है .

### गोकुलधाम की एकता को तोड़ना नामुमकिन है!

इंदौर . असीत कुमार मोदी का तारक मेहता का उल्टा चश्मा गोकुलधाम सोसाइटी के निवासियों को पोपटलाल की रहस्यमयी दुल्हन की पुतले वाली कहानी से निकालकर सोने के गहनों की लगातार हो रही चोरियों के बीच ले आया है . गोकुलधाम के घरों से सोने के गहने एक-एक करके गायब होने लगे हैं, जिससे पूरी सोसाइटी सतर्क हो गई है . अब जब यह मामला कई परिवारों को प्रभावित करने लगा है, गोकुलधाम के निवासी इंस्पेक्टर चालू पांडे की मदद लेने का फैसला करते हैं . तमाम शक और चिंता के बीच, हालांकि, गोकुलधाम की सबसे बड़ी ताकत अब भी कायम है . सभी निवासी एक-दूसरे का साथ देने और इस मुश्किल का मिलकर सामना करने के लिए एकजुट हो जाते हैं . चोरी की इन घटनाओं ने भले ही असमंजस पैदा कर दिया हो, लेकिन वे गोकुलधाम के लोगों के बीच के मजबूत रिश्ते को नहीं हिला सकतीं .इंस्पेक्टर चालू पांडे अपनी जांच शुरू करते हैं, लेकिन अब दर्शकों के मन में यही सवाल है कि क्या वह चोर को पकड़ पाएंगे और चोरी हुए सोने के गहनों के पीछे छिपे राज़ से पर्दा उठा पाएंगे?

### टेक्नो स्पार्क गो 3 प्रो के साथ आईपी69 ड्यूरेबिलिटी लाया

इंदौर . टेक्नो ने भारत में स्पार्क गो 3 प्रो लॉन्च किया है, जो किफायती कीमत में सेगमेंट-फर्स्ट आईपी69 ड्यूरेबिलिटी लेकर आया है . हाई-प्रेशर वॉटर जेट्स, ज़्यादा धूल और गिरने जैसी परिस्थितियों को झेलने के लिए तैयार यह डिवाइस वास्तविक जीवन की कठिन परिस्थितियों के लिए बनाया गया है-चाहे वह बारिश में डिलीवरी करने वाले रास्ते हों या धूल भरे कृषि क्षेत्र. लॉन्च के अवसर पर टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा लाखों लोगों के लिए स्मार्टफोन कोई लग्जरी नहीं, बल्कि उनकी आजीविका का एक जरूरी साधन है . जब आपकी कमाई स्मार्टफोन पर निर्भर हो, तो फोन को होने वाला कोई भी आकस्मिक नुकसान आपके पूरे दिन के काम को रोक सकता है . हमने टेक्नो स्पार्क गो 3 प्रो को इस तरह इंजीनियर किया है कि मेहनत करने वाले यूजर्स को अपने डिवाइस की हर समय चिंता न करनी पड़े . हर शिफ्ट, बारिश और सफर के दौरान यह उन्हें पूरी तरह निश्चिंत रहने का भरोसा देता है .

### राखी 2026 का उत्सव मीशो पर ऑर्डर्स में 36 प्रतिशत की वृद्धि

इंदौर . पिछले एक महीने के दौरान मीशो पर राखी की खरीदारी में तेजी देखने को मिली . इस दौरान प्लेटफॉर्म ने पिछले वर्ष की समान राखी शॉपिंग अवधि की तुलना में ऑर्डर्स में लगभग 36प्रतिशत की वृद्धि और जीएमवी में लगभग 38प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की . इस वर्ष मीशो पर राखी के कुल ऑर्डर्स में लगभग 73प्रतिशत हिस्सेदारी नॉन-मेट्रो भारत की रही . यह दर्शाता है कि देश के बड़े शहरों से आगे अब छोटे शहर भी त्योहारी ई-कॉमर्स की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं . सबसे तेज वृद्धि टियर 3 और टियर 4 बाजारों में दर्ज की गई. उत्तर प्रदेश के छोटे औद्योगिक शहर दादरी ने लगभग 105प्रतिशत सालाना वृद्धि के साथ सबसे आगे स्थान बनाया. इसके बाद नबरंगपुर (ओडिशा), कासगंज, धमतरी और नैनपुर (मध्य प्रदेश) जैसे शहरों में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई . इस राखी सीजन में ग्राहकों के भुगतान व्यवहार में भी बदलाव देखने को मिला। मीशो पर 58प्रतिशत राखी ऑर्डर्स प्रीपेड माध्यमों से किए गए .

# नर्मदा-क्षिप्रा संगम पर विधि-विधान से हुआ श्रावणी उपाकर्म

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. ब्राह्मण समाज संगठन, मूसाखेड़ी द्वारा श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को नर्मदा-क्षिप्रा संगम स्थल पर श्रावणी उपाकर्म विधि-विधान से संपन्न कराया गया. सुबह 8 से 11 बजे तक चले आयोजन में 50 से अधिक साधकों ने भाग लिया.**

वेदपाठी विद्वानों के मार्गदर्शन में दशविधि स्नान, ध्यान-संध्या, सूर्य उपासना, तर्पण, सप्तऋषि पूजन, हवन और यज्ञोपवीत धारण की विधियां संपन्न हुईं. साधकों ने देव, ऋषि, माता-पिता, संबंधियों एवं दिवंगतजनों का तर्पण कर जाने-अनजाने हुए पापकर्मों के लिए प्रायश्चित किया. साथ ही नए वर्ष में नीति और मर्यादा के मार्ग पर चलने का हेमाद्रि संकल्प लिया. कार्यक्रम के बाद ब्राह्मण भोज एवं प्रसादी का आयोजन हुआ.

संगठन अध्यक्ष पं. द्वारका प्रसाद पाठक और मुख्य यजमान व वरिष्ठ संरक्षक बृजकिशोर शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ. इस अवसर पर विनोद शास्त्री, 1008 जानकी प्रपन्नाचार्य महाराज, मनोज पांडे, जसराज शर्मा, पुष्पेंद्र रिछारिया और अंकित पाठक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.



# जन विश्वास शिविर आज मूसाखेड़ी के झोनल कार्यालय पर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत समस्या निवारण शिविरों सिलसिला लगातार जारी है. इसी क्रम में आज सुबह 10.30 बजे से विधानसभा क्षेत्र 5 में शिविर आयोजित होगा. शिविर मूसाखेड़ी स्थित निगम झोन 18 के कार्यालय परिसर में लगेगा.**


ध्यान रहे कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए जनविश्वास अभियान शुरू किया है. उक्त अभियान हर शुक्रवार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की संयुक्त मौजूदगी में करने के निर्देश दिए गए हैं. उक्त निर्देशों के तहत शिविर में क्षेत्र की जनता की विभिन्न समस्याओं एवं आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है.

साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की आवश्यक सुविधाओं की जानकारी लेकर जनहित में अमल कराया जा रहा है. जिला प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से शिविर में आकर लाभ लेने की अपील की है. ध्यान रहे कि स्थानीय जिला प्रशासन महू तहसील के ग्राम अंबा चंदन, राऊ तहसील के उषाराजे परिसर और लसूड़िया परमार पंचायत भवन में जन विश्वास शिविर का आयोजन कर चुका है.

# काका हाथरसी पुरस्कार समारोह एवं कवि सम्मेलन 2 सितंबर को

**इंदौर.** राष्ट्रीय कलमकार मंच के तत्वावधान में 21 वां काका हाथरसी पुरस्कार समारोह 2 सितम्बर को प्रीतमलाल दुआ सभागार में शाम 7 बजे से होगा.

यह जानकारी मंच के अध्यक्ष वरिष्ठ कवि डॉ.पंकज विरमाल एवं संजय श्रीमाल ने दी. उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अभा कवि सम्मेलन होगा जिसमें इस वर्ष का काका हाथरसी पुरस्कार उज्जैन के प्रख्यात हास्य व्यंग्य कवि अशोक भाटी को प्रदान किया जायेगा. कवि सत्येन वर्मा सत्येन समारोह का संचालन करेंगे।कविसम्मेलन की अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण करेंगे. मुख्य अतिथि समाज सेवी सुभाष खंडेलवाल, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, ख्यात चिकित्सक अर्पित चोपड़ा जैन होंगे. विशेष अतिथि पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल, पूर्व मंत्री योगेन्द्र महंत, कर सलाहकार एस एन गोयल, समाज सेवी अजय चोरडिया होंगे. आमंत्रित कवियों में आगरा से डॉ.राजकुमार रंजन, धौलपुर से रजिया बेगम जिया, पचोर से मिथुन मिथिलेश इंदौर से डॉ.ममता सिंह काव्य पाठ करेंगे. डॉ. विरमाल ने बताया कि बीस साल में देश ख्यात नाम हास्य कवियों यह पुरस्कार दिया जा चुका है।



# प्राचीन हंसदास मठ पर साधकों ने धारण किए नए यज्ञोपवीत

**इंदौर. पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर श्रावणी उपाकर्म अनुष्ठान में शुक्रवार को हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में 300 से अधिक साधकों ने भाग लेकर आचार्य पं. आदित्य पाराशर एवं पं. गणेश शास्त्री के निर्देशन में नए यज्ञोपवीत धारण किए.**

हंसदास मंठ, परशुराम महासभा एवं पाराशर ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अनुष्ठान में हंसदास मठ संस्कृत विद्यापीठ के वेदपाठी बटुकों ने भी भाग लिया. मठ के पं. अमितदास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर पं. गोविंद शर्मा, कैलाश गोला, राजेश दुबे, पं. लीलाधर शर्मा, पं. महेश शर्मा अखंड भारत, हंसदास विद्यापीठ के प्राचार्य पं. रामकुमार शर्मा, पं. अनिकेत, पं. मनमोहन, पं. कैलाश पाराशर आदि ने अपने साथियों सहित उत्साहपूर्वक भाग लिया. सामूहिक स्नान के बाद साधकों ने विद्वान आचार्यों के निर्देशन में प्रायश्चित, तर्पण, सप्तऋषि पूजन तथा हेमाद्रि संकल्प आदि शास्त्रोक्त विधियों का पालन करते हुए तीर्थ स्थलों, नदियों और सूर्यदेवता की प्रार्थना के बाद दशविध स्नान, ध्यान संध्या, सूर्य उपासना के बाद नए यज्ञोपवीत धारण किए और आश्रम के श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर पवनदास महाराज के भी शुभाशीष प्राप्त किए. इसके साथ ही श्रावण माह के पहले दिन से मठ पर चल रहे श्रावणी अनुष्ठानों की पूर्णाहुति सौल्लास सम्पन्न हुई.



## एक नजर में | एक बार में एक हजार जानवरों का होगा दाह संस्कार

# जानवरों का सीएनजी इंसीनेटर प्लांट 15 सितंबर से होगा शुरू

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नगर निगम स्वच्छता नवाचार के तहत शहर के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर अगले महीने से जानवरों का सीएनजी इंसीनेटर प्लांट शुरू हो जाएगा. उक्त प्लांट सीएनजी गैस से संचालित होगा. खास बात यह है कि प्लांट में एक दिन 1 हजार जानवरों के दाह संस्कार करने की क्षमता है.

नगर निगम ने शहर में आवारा पशुओं के दाह संस्कार करने के लिए संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई थी. उक्त योजना स्वच्छता अभियान में नवाचार के तहत शुरू करने की तैयारी है. निगम स्वच्छता विभाग देव गुराडिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे के साथ जानवरों के शव को लेकर परेशान था. परेशानी यह थी कि जानवरों के शव की सड़ान और बदबू से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा था. निगम स्वच्छता विभाग ने जानवरों के शवों का दाह संस्कार करने का संयंत्र स्थापित करने के टेंडर जारी किए थे. देव गुराडिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर 5 हजार वर्गफीट जमीन पर पंजाब पटियाला की माइक्रो टेक कंपनी द्वारा साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत से संयंत्र स्थापित किया जा रहा है. जानवरों के शवों को जलाने के लिए संयंत्र पूरी तरह से ऑटोमैटिक है और सीएनजी गैस से संचालित होगा. उक्त संयंत्र की एक दिन में 800 से 1 हजार जानवरों के शव दाह संस्कार की क्षमता है. निगम की शर्त अनुसार कंपनी 5 साल तक का मेंटेनेंस भी स्वेदन करेगी. जानवरों के शवों का संयंत्र 15 सितंबर से शुरू होने की तैयारी है.



### पर्यावरण संरक्षण में राहत मिलेगी

स्वच्छता प्रभारी अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि उक्त संयंत्र के शुरू होने से शहर में मृत आवारा पशुओं गाय, कुत्ते , बिल्ली या अन्य तरह के जानवरों का दाह संस्कार होने लगेगा . जानवरों के शव से होने वाली सड़न ओर बदबू से पर्यावरण संरक्षण में राहत मिलेगी .



# जीवन के इंद्रधनुषी रंग कहानी संग्रह का किया लोकार्पण

**इंदौर.** संस्था अखंड संडे के तत्वावधान में लेखिका नीति अग्निहोत्री की पाँचवी किताब जीवन के इंद्रधनुषी रंग कहानी संग्रह का लोकार्पण हिंदी साहित्य समिति में किया गया. कृति संपादक मुकेश इन्दौरी ने कहा कि इस संग्रह में 20 कहानियों को संकलित किया गया है. इन कहानियों में जीवन के विविध अनुभवों, संवेदनाओं और मानवीय रिश्तों के अनेक रंग दिखाई देते हैं. अधिकतर कहानियां स्त्री विमर्श पर केन्द्रित हैं. इन कहानियों में नारी जीवन की चुनौतियों को प्रभावशाली ढंग से समाधान के साथ प्रस्तुत किया गया है. इंद्रधनुषी रंग जीवन की विविधता और उसकी खूबसूरती के प्रतीक हैं. ये संग्रह जीवन को नए दृष्टिकोण से देखने और सुख-दुख के हर रंग को सहजता से स्वीकारने की प्रेरणा देता है. इस अवसर पर प्रो. योगेन्द्रनाथ शुक्ल, नरेन्द्र मांडलिक, डा. सुभा चौहान, सुषमा व्यास सहित कई साहित्यकार उपस्थित थे.